# कार्यालय अधिष्ठाता कृषि संकाय
## चन्द्र शेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कानपुर–02

पत्रांक:सीएसयूडी/ 1603 /2024–25 दिनांक: जनवरी 07, 2025

1. कुलसचिव।
2. निदेशक, कृषि प्रयोग केन्द्र।
3. समस्त, विभागाध्यक्ष (कृषि संकाय)।
4. डा0 सर्वेश कुमार, प्राध्यापक, भूमि संरक्षण एवं जल प्रबन्ध विभाग/Secretary, Board of Faculty.
5. डा0 कौशल कुमार, प्राध्यापक, भूमि संरक्षण एवं जल प्रबन्ध विभाग/Representative, Board of Faculty.

अवगत कराना है कि निम्नलिखित प्रस्तावों पर विचार–विमर्श हेतु **दिनांक** 09.01.2025 **को पूर्वान्ह** 11:00 बजे अधिष्ठाता कृषि संकाय समिति कक्ष में **बोर्ड ऑफ फैकल्टी** की एक बैठक आहुत की जा रही है : –

| प्रस्ताव | | विवरण |
|---|---|---|
| प्रस्ताव संख्या–01 | : | दिनांक 15.10.2016 को अधिष्ठाता कृषि संकाय की अध्यक्षता मे सम्पन्न हुई बोर्ड ऑफ फैकल्टी की बैठक के कार्यवृत्त का अनुमोदन। **(संलग्नक–1)** |
| प्रस्ताव संख्या–02 | : | शैक्षणिक सत्र 2024–25 से बी0एस0सी0 आनर्स (कृषि) प्रथम सेमेस्टर के पाठ्यक्रम में VI[th] डीन्स् कमेटी की संस्तुतियों को आशिंक संशोधनों के साथ लागू किये जाने हेतु अनुमोदन पर विचार। **(संलग्नक–2)** |
| प्रस्ताव संख्या–03 | : | विभागाध्यक्ष, पशुपालन एवं दुग्ध विज्ञान विभाग द्वारा बी0एस0सी0 आनर्स (कृषि) तृतीय सेमेस्टर के पाठ्यक्रम Skill Enhancement Course-AHD-211 (Poultry Production Technology, 2(0+2) के सिलैबस के अनुमोदन पर विचार। **(संलग्नक–3)** |
| प्रस्ताव संख्या–04 | : | विभागाध्यक्ष, बीज विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा बी0एस0सी0 आनर्स (कृषि) द्वितीय सेमेस्टर के पाठ्यक्रम Skill Enhancement Course-SEC-121 (Seed Production & Testing Technology, 2(0+2) के सिलैबस के अनुमोदन के साथ साथ पांचवे सेमेस्टर में विषय कोड SST-311: Fundamental of Seed Biology को सम्मिलित किये जाने पर विचार। **(संलग्नक–4)** |
| प्रस्ताव संख्या–05 | : | इंचार्ज हेड, पादप रोग विज्ञान एवं कीट विज्ञान विभाग द्वारा बी0एस0सी0 आनर्स (कृषि) प्रथम सेमेस्टर के पाठ्यक्रम Skill Enhancement Course-SEC-111 (Mushroom Production Technology, 2(0+2), द्वितीय सेमेस्टर में Skill Enhancement Course SEC-122 (Bio-Pesticides Production, 2(0+2), तथा तृतीय सेमेस्टर के पाठ्यक्रम में Skill Enhancement Course SEC-221 (Beneficial Insects Farming, 2(0+2) के सिलैबस के अनुमोदन पर विचार। **(संलग्नक–5)** |
| प्रस्ताव संख्या–06 | : | विभागाध्यक्ष, मृदा विज्ञान विभाग द्वारा बी0एस0सी0 आनर्स (कृषि) प्रथम सेमेस्टर के पाठ्यक्रम Skill Enhancement Course-SEC-112 (Production Technology of Biofertilizer, 2(0+2), के सिलैबस के अनुमोदन पर विचार। **(संलग्नक–6)** |
| प्रस्ताव संख्या–07 | : | डा0 सर्वेश कुमार, प्राध्यापक भूमि संरक्षण एवं जल प्रबन्ध विभाग द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव "विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं की अपरिहार्य कारणोंवश छूटी हुई प्रायोगिक परीक्षा के मेकअप परीक्षा का प्राविधान निम्नलिखित शर्तो के अधीन लागू किये जाने पर विचार"–<br>1. छात्र/छात्रा की सम्बन्धित विषय में उपस्थिति 80 प्रतिशत होना अनिवार्य हो।<br>2. छात्र/छात्रा सम्बन्धित विषय की मिडटर्म परीक्षा में सम्मिलित हुआ हो।<br>3. छात्र/छात्रा को अपने शिक्षक/विभागाध्यक्ष को 24 घण्टे के अन्दर अपनी अनुपस्थित की सूचना कारणों सहित अपने अभिभावक से प्रमाणित कराकर प्रस्तुत करना होगा।<br>4. छात्र/छात्रा द्वारा दुर्घटना/बीमारी की चिकित्सा कराये जाने अथवा अस्पताल में भर्ती होने का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। **(संलग्नक–7)** |

| | | |
|---|---|---|
| प्रस्ताव संख्या–08 | : | भूमि संरक्षण एवं जल प्रबन्ध विभाग में प्राध्यापक के पद पर कार्यरत डा0 सर्वेश कुमार द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव जो विभागाध्यक्ष द्वारा अग्रसारित है, के अनुसार विश्वविद्यालय में वर्तमान में शिक्षकों की कमी के दृष्टिगत गेस्ट फैकल्टी/टीचिंग एसोसिएट द्वारा शिक्षण कार्यो के साथ–साथ प्रतिविषय/प्रतिबैच के अनुसार प्रायोगिक परीक्षा हेतु उन्हे धनराशि रू0 1000.00 (रू0 एक हजार) मात्र एवं मुख्य परीक्षा में परीक्षा ड्यूटी के लिये भी प्रति परीक्षा ड्यूटी हेतु रू0 1000.00 (रू0 एक हजार) मात्र के पारिश्रमिक दिये जाने सम्बन्धित प्रस्तुत प्रस्ताव के अनुमोदन पर विचार। **(संलग्नक–8)** |
| प्रस्ताव संख्या–09 | : | विभागाध्यक्ष, आनुवांशिकी एवं पादप प्रजनन विभाग द्वारा VI[th] डीन्स् कमेटी की बैठक में लिये गये निर्णय के अनुपालन में बी0एस0सी0 आनर्स (कृषि) सातवें सेमेस्टर के पाठ्यक्रम में नया इलेक्टिव कोर्स Intellectual Property Rights-4(3+1) सम्मिलित किये जाने के अनुमोदन पर विचार। **(संलग्नक–9)** |
| प्रस्ताव संख्या–10 | : | विभागाध्यक्ष कृषि जीव रसायन विभाग द्वारा VI[th] डीन्स् कमेटी की बैठक में लिये गये निर्णय के अनुपालन में बी0एस0सी0 आनर्स (कृषि) सातवें सेमेस्टर के पाठ्यक्रम में नया इलेक्टिव कोर्स कोड–ABC-411 (Agricultural Biochemistry for Nutrition, Industrial Application, Bio-fortification and Value Addition) 4(3+1) सम्मिलित किये जाने के अनुमोदन पर विचार। **(संलग्नक–10)** |
| प्रस्ताव संख्या–11 | : | पशुपालन एवं दुग्ध विज्ञान विभाग के प्राध्सापक डा0 रामजी गुप्ता द्वारा प्रस्तुत प्रस्तावानुसार द्वारा बी0एस0सी0 आनर्स (कृषि) सप्तम सेमेस्टर में नया इलेक्टिव कोर्स कोड–AHD-212 Value Addition of Milk and Milk Products, 4(3+1) सम्मिलित किये जाने के अनुमोदन पर विचार। **(संलग्नक–11)** |
| अन्य प्रस्ताव | : | अध्यक्ष महोदय की सहमति से। यदि कोई हो ? |

कृपया उक्त बैठक मे आप स्वंय तथा अपने अधीनस्थ कृषि संकाय सदस्यों के साथ समय से भाग लेने का कष्ट करें।

**(सी0 एल0 मौर्य)**
अधिष्ठाता, कृषि संकाय

पत्रांक एवं दिनांक उपरोक्त।
**प्रतिलिपिः** निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. डा0 मुनीश कुमार, प्राध्यापक/नोडल अधिकारी (आई0सी0ए0आर0) को इस आशय से कि उपरोक्त बैठक मे भाग लेना सुनिश्चित करें।
2. प्रभारी, ए0के0एम0यू0 को इस आशय से कि उक्त सूचना विश्वविद्यालय वेबसाईट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
3. कुलपति के तकनीकी सचिव को मा0 कुलपति महोदय के संज्ञानार्थ।
4. गार्ड फाईल

**(सी0 एल0 मौर्य)**
अधिष्ठाता, कृषि संकाय

प्र0 के0 एम0 यू0